उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन-तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

संख्या- 23 / 17/ विज्ञापन- अनुभाग / 2016/15(3)/2016/2018

दिनांक : 31 जुलाई, 2018

## आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या- 15(3)/2016 द्वारा प्रमुख अभियन्ता (यांत्रिक) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन " **नलकूप चालक** ", के कुल रिक्त 3210 पदों पर चयन के संबंध में आयोग की सूचना संख्या- 19/17/विज्ञापन-अनुभाग/2016/15(3)/2016 दिनांक 10 मार्च 2017 के अनुक्रम में समस्त आवेदकों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन संख्या- 15(3)/2016 के अंतर्गत विज्ञापित "नलकूप चालक" के पदों पर भर्ती कार्मिक अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या- 4/2017/1/1/2017-का-2 दिनांक 31.08.2017 द्वारा प्राख्यापित उत्तर प्रदेश अवर स्तरीय पदों पर सीधी भर्ती (साक्षात्कार बंद किया जाना) नियमावली 2017 में विहित व्यवस्थाओं तथा अध्यारोही प्रभाव की आयोग की समूह 'ग' पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली 2015 में विहित व्यवस्थाओं के आलोक में **लिखित परीक्षा** द्वारा की जायेगी ।

उक्त लिखित परीक्षा **दिनांक 02 सितम्बर 2018 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से 11.30 बजे** तक (एक घंटा तीस मिनट) आयोजित की जाएगी । उक्त परीक्षा से संबन्धित परीक्षा योजना व पाठ्यक्रम निम्नवत है -

## नलकूप चालक (सामान्य चयन ) 2016 हेतु परीक्षा योजना

| क्र.सं | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भाग-1 हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता | 25 | 25 | एक घंटा तीस मिनट की अवधि का एक संयुक्त प्रश्न पत्र |
| 2 | भाग-2 सामान्य बुद्धि परीक्षण एवं प्रारम्भिक गणित | 35 | 35 | |
| 3 | भाग–3 ट्रेड से संबन्धित प्रश्न | 60 | 60 | |
| | योग- | 120 | 120 | |

**नोट- उपरोक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का प्रावधान किया जा रहा है , जो कुल 50 प्रतिशत होगी अर्थात दो प्रश्न के उत्तर गलत होने पर एक प्रश्न के सही उत्तर का अंक काटा जाएगा ।**

## पाठ्यक्रम

### भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता-

इस भाग में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा के ज्ञान, समझ तथा लेखन योग्यता संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे । यह भाग उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा ।

### भाग-2- सामान्य बुद्धि परीक्षण एवं प्रारम्भिक गणित

इस भाग मे पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य किसी नवीन परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण कर पहचान करने एवं तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस भाग मे ऐसे प्रश्न भी पूछे जाएंगे, जो अनुदेशों को समझने, सम्बन्धों/समानताओ/संगतताओ का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक क्रियाओं से संबन्धित हो। **भिन्न-** भिन्न, दशमलव भिन्न, एलसीएम, एचसीएम, भिन्न एवं दशमलव के गुणा तथा भाग, भिन्न का दशमलव में रूपान्तरण एवं दशमलव का भिन्न में रूपान्तरण, वैज्ञानिक कैलकुलेटर के प्रयोग मे साधारण समस्याएँ। **वर्गमूल-** वर्ग एवं वर्गमूल, वर्गमूल निकालने की विधि, कैलकुलेटर के प्रयोग मे साधारण समस्या। **अनुपात एवं समानुपात-** संबन्धित समस्याओं पर साधारण गणना। **प्रतिशत-** परिचय, साधारण गणना, प्रतिशत को दशमलव तथा भिन्न मे रूपान्तरण एवं दशमलव तथा भिन्न को प्रतिशत में रूपान्तरण। **बीजगणित-** जोड़, घटाना, गुणा, भाग, बीजीय सूत्र, रेखीय समीकरण (द्विचरीय)। **क्षेत्रमिति-** वर्ग, आयत, समानान्तर चतुर्भुज, त्रिभुज, वृत्त, अर्धवृत्त का क्षेत्रफल तथा परिधि। **ठोस का आयतन-** घन, घनाभ, सिलेन्डर, स्फीयर। **ठोस का सतहीय क्षेत्रफल-** घन, घनाभ, सिलेन्डर, स्फीयर। **त्रिकोणमिती –** त्रिकोणमितीय अनुपात, कोण की माप, त्रिकोणमितीय टेबल। **यह भाग उत्तर प्रदेश मध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा।**

### भाग-3- ट्रेड से सम्बन्धित प्रश्न

**इस भाग में अभ्यर्थियों से आई0टी0आई0 ट्रेड सम्बन्धी समान्य जानकारी के प्रश्न पूछे जायेंगे-यथा**

**(1) आधारभूत सुरक्षा परिचय** - व्यक्तिगत सुरक्षा, आधारभूत चोट निवारण, आधारभूत प्राथमिक चिकित्सा, जोखिम की पहचान और परिहार, खतरा, चेतावनी, सावधानी के लिए सुरक्षा चिन्ह और निजी सुरक्षा संदेश, अग्निशामक यन्त्र का प्रयोग, उद्योगों में सम्मिलित विभिन्न सुरक्षा मानक। **विद्युत की मौलिक अवधारणायें-** इलेक्ट्रान सिद्धान्त, मुक्त इलेक्ट्रान, मूलभूत तत्व, परिभाषा, विद्युत प्रवाह का प्रभाव एवं इकाई, व्याख्या, कंडक्टर की परिभाषा एवं गुण, इन्सुलेटर एवं सेमी कन्डक्टर। सोल्डर्स, फ्लक्स एवं सोल्डरिंग तकनीक, ब्रेजिंग प्रतिरोधक के प्रकार एवं गुण, विशिष्ट प्रतिरोध, ओम का नियम, साधारण विद्युत सर्किट एवं समस्यायें। **प्रतिरोधक-** प्रतिरोध के नियम, सीरीज, समानान्तर एवं कम्बीनेशन सर्किट। किरचॉफ का नियम एवं अनुप्रयोग, ह्वीटस्टोन ब्रिज सिद्धान्त एवं उसका अनुप्रयोग। **इंजीनियरिंग धातु के भौतिक गुण-** रंग, भार, संरचना एवं चालकता, चुम्बकीय फ्यूजिबिलिटी, विशिष्ट गुरूत्व, **यॉन्त्रिक गुण-** लचीलापन, विस्तारण योग्यता (मैलियेबिलिटी), कठोरता (हार्डनेस), भंगुरता (ब्रिटिलनेस), ठोसपन (टफनेस), टेनेसिटी एवं एलास्टिसिटी। **डिजिटल माइक्रोमीटर-** वर्नियर कैलीपर्स, सिद्धान्त, निर्माण, श्रेणीकरण, वाचन, अनुप्रयोग एवं देखरेख। वर्नियर बेवेल प्रोटेक्टर, निर्माण, श्रेणीकरण, वाचन, अनुप्रयोग एवं देखरेख। डायल, वर्नियर कैलीपर्स, डिजिटल वर्नियर कैलीपर्स।

**(2) इकाई-** इकाई प्रणाली- एफपीएस, सीजीएस, एमकेएस/ एसआई यूनिट, लम्बाई की इकाई, द्रव्यमान एवं समय, इकाई का रूपान्तरण। **पदार्थ विज्ञान-** भौतिक एवं यान्त्रिक गुण, प्रकार- लौह एवं अलौह, लौह एंव अलौह में अन्तर, आयरन, कास्ट आयरन, राट आयरन, स्टील का परिचय, आयरन तथा स्टील में अन्तर,

मिश्र धातु स्टील, कार्बन स्टील, स्टेनलेस स्टील, अलौह धातुएं, अलौह मिश्र धातुए। **द्रव्यमान, भार तथा घनत्व**-द्रव्यमान, द्रव्यमान तथा भार की इकाई, द्रव्यमान तथा भार में अन्तर, घनत्व, घनत्व की इकाई, धातुओं का विशिष्ट गुरूत्व। **चाल एवं वेग-** विश्रान्ति एवं गति, चाल, वेग, चाल एवं वेग में अन्तर, त्वरण, मन्दता, गति के समीकरण, सम्बन्धित सरल समस्यायें। **कार्य, शक्ति तथा ऊर्जा-** कार्य, कार्य की इकाई, शक्ति, शक्ति की इकाई, इंजन की अश्वशक्ति, यान्त्रिक दक्षता, ऊर्जा, ऊर्जा का उपयोग, पोटैन्शियल एण्ड काइनेटिक एनर्जी, पोटैन्शियल एण्ड काइनेटिक एनर्जी के उदाहरण। **ऊष्मा और तापमान-** ऊष्मा और तापमान, ऊष्मा और तापमान की इकाईयां, ऊष्मा और तापमान में अन्तर, क्वथनांक, गलनांक, तापमान का पैमाना, तापमान के विभिन्न पैमानों के बीच सम्बन्ध, थर्मामीटर, पायरोमीटर, ऊष्मा का संचरण, चालन, संवहन, विकिरण। **बल-** बल की परिभाषा, कम्प्रेसिव, टेन्साइल, शीयर बल तथा साधारण समस्यायें। स्ट्रेस, स्ट्रेन, अल्टीमेट स्ट्रेन्थ, सुरक्षा के कारक। एमएस के लिए स्ट्रेस-स्ट्रेन वक्र का बुनियादी अध्ययन। **तापमान मापी उपकरण-** ठोस एवं द्रव की विशिष्ट ऊष्मा। **ऊष्मीय चालकता-** ऊष्मा हानि, ऊष्मा अर्जन। **चक्रीय गति-** चक्रीय गति एवं रेखीय गति के बीच सम्बन्ध, केन्द्रापसारक बल, केन्द्राभिमुख बल।

सचिव,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।